


विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




गुरूवार, 12 फरवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 121, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## कैबिनेट का फैसला : किसानों को होली से पहले 10 हजार करोड़ का भुगतान

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में कैबिनेट की बैठक आयोजित हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधान सभा के अष्टम् सत्र माह फरवरी-मार्च, 2026 के लिए राज्यपाल के अभिभाषण का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा बजट अनुमान वर्ष 2026-27 का विधानसभा में उपस्थापन हेतु छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद ने राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। खरीफ विपणन वर्ष



2025-26 में 25 लाख 24 हजार 339 किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत धान के मूल्य के अंतर की राशि के रूप में लगभग 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होली त्यौहार से पहले एकमुश्त किया जाएगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से की जा रही है, जो देश में सर्वाधिक है। बीते दो वर्षों में कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों को धान के मूल्य के अंतर के रूप में 25 हजार करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। इस साल होली से पूर्व किसानों को 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होने से यह राशि बढ़कर 35 हजार करोड़ रूपए हो जाएगी।

## कृषि विभाग द्वारा 14 फरवरी तक अभियान चलाकर किसानों को शासन की योजनाओं से किया जा रहा लाभान्वित

### किसानों से एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने की अपील

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा 9 से 14 फरवरी 2026 तक पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं कृषकों को शासन की विभिन्न योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। जिसके तहत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने के लिए ई-केवायसी, आधार सीडिंग एवं एग्रीस्टेक पंजीयन किया जा रहा है। योजना के तहत पात्र किसानों को 6000 रूपए वार्षिक कृषक प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जाता है। उप संचालक कृषि श्री टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि फरवरी माह में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त की राशि हस्तांतरण किया जाना प्रस्तावित है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए कृषि विभाग द्वारा जिले में ई-केवायसी के 604, लैण्ड सीडिंग के 67, आधार सीडिंग के 872 एवं सस्पेक्टेड केस के 881 लंबित हितग्राहियों से व्यक्तिगत संपर्क कर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित कराने का प्रयास किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा जिले के कृषकों से अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कृषक संगवारी के माध्यम से सस्पेक्टेड केस में लंबित प्रकरणों का भौतिक सत्यापन पूर्ण कर पीएम किसान की वेबसाईट पर फार्मर कार्नर अंतर्गत नवीन विकल्प अपडेट मिसिंग इनफार्मेशन के माध्यम से निराकरण कराने तथा ई-केवायसी पूर्ण करवाने एवं आधार सीडिंग के लिए अपने संबंधित बैंक से संपर्क कर बैंक खाते में आधार बेस्ड पेमेंट एनेबल (डीबीटी) पूर्ण कराने का आग्रह किया गया है। जिससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसानों को आगामी 23वीं किस्त की राशि का लाभ प्राप्त कर सके।

**शत प्रतिशत पात्र किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जोड़ने चलाया जा रहा अभियान**

## वाणी सिस्टर्स म्यूजिकल ग्रुप जबलपुर की प्रस्तुति 14 फरवरी को नीचे बमलेश्वरी मंदिर प्रांगण में

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** मध्य प्रदेश के ख्याति प्राप्त भजन संध्या म्यूजिकल ग्रुप वाणी सिस्टर के द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर



प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अगुवाई मे तीन दिवसीय भक्तिमय आयोजन माँ बमलेश्वरी नीचे मंदिर प्रांगण मे मध्य प्रदेश के ख्याति प्राप्त भजन संध्या म्यूजिकल ग्रुप वाणी सिस्टर सुरभि गुप्ता एवं नम्रता गुप्ता के द्वारा अंचल के लोगों को भक्ति मे सराबोर करने हेतु भक्तिमय प्रस्तुति आगामी 14 फरवरी दिन शनिवार को किया जाना है जिसमें आयोजक समिति के सदस्य में अंचल के लोगों से अधिक सभी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## भागवत कथा से मन की शुद्धि और 5 आत्मा को शांति मिलता है : कुलबीर

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कन्हारपुरी वार्ड 34 भाठापारा में राधारानी महिला समूह द्वारा नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह



का आयोजन किया गया। जिसमें जिसके आठवें दिन सोमवार को राजा परीक्षित मोक्ष, भागवत चढ़ौती हुआ जिसमें समाजसेवी व पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा शामिल होकर भगवताचार्य पंडित चंद्रकांत शर्मा (राजू शर्मा) जी को शॉलश्रीफल भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजित कथा का श्रवण करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि आज मेरे लिए बड़ा ही सौभाग्यशाली वाला दिन हैं जो मुझे भगवताचार्य पंडित चंद्रकांत शर्मा (राजू शर्मा) जी के श्रीमुख से श्रीमद भागवत कथा के सुनने का मौका मिला है जिसके लिए मैं आयोजनकर्ता माताओं, बहनों, वरिष्ठजनों व वार्डवासियों को बधाई देता हूं। निश्चित रूप से इस तरह के आयोजनों से हमारे संस्कृति व धर्म और हमारे महान ग्रंथ का ऐसे ही प्रचार-प्रसार होता रहे और हमारे आने वाली पीढ़ी को यह संदेश जाए और धर्म संस्कृति को आत्मसात करें और भविष्य में यही पीढ़ी इस इस परंपरा को आगे बढ़ाते रहे। मैं इस तरह आयोजन के लिए आप सभी का धन्यवाद ज्ञापित करना हूं कि भगवान श्रीहरि की दिव्य कथाओं का श्रवण करने का अवसर प्राप्त हुआ। श्रीमद् भागवत महापुराण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का अमृत स्रोत है। यह कथा हमारे जीवन को धर्म, प्रेम और सत्य के मार्ग पर अग्रसर करने की प्रेरणा देती है। श्रीमद भागवत कथा हमें सिखाती है कि भगवान के नाम का स्मरण और सत्संग ही जीवन का सच्चा आधार है। जब-जब अधर्म बढ़ता है, तब-तब प्रभु विभिन्न अवतारों के माध्यम से धर्म की स्थापना करते हैं। इस कथा के श्रवण से मन की शुद्धि, बुद्धि की पवित्रता और आत्मा की शांति प्राप्त होती है। आइए, हम सब मिलकर श्रद्धा और भक्ति के साथ इस दिव्य कथा का श्रवण करें तथा अपने जीवन को सार्थक बनाएं। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद महेश साहू, दिनेश भानुशाली, कमलेश साहू, केसरी साहू, दीप्ति साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व वार्डवासी उपस्थित थे।




## नंदई में विधायक निधि से बनेगा सामुदायिक भवन, महापौर ने किया भूमिपूजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** गुरू घासीदास वार्ड नं. 40 में नंदई कुँआ चौक बर्फफैक्ट्री के पीछे सामुदायिक भवन निर्माण के लिए महापौर श्री मधुसूदन यादव ने पूर्व मण्डी उपाध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत, वार्ड की पार्षद व बाजार विभाग की प्रभारी सदस्य श्रीमती केवरा राय, पार्षद श्री रवि सिन्हा, श्री अरूण साहू, श्री सतीश साहू तथा पूर्व पार्षद श्री विजय राय, श्री शरद सिन्हा, श्री जसराज राठोर, श्री मेवालाल असैया व श्रीमती मधु बैद एवं पूर्व नामांकित पार्षद श्री मामराज अग्रवाल की उपस्थिति में वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में विधिवत पूजा अर्चनाकर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि शासन की अधोसंरचना मद, अधोसंरचरा उपकर निधि तथा सांसद व विधायक निधि से स्वीकृति राशि से शहर के वार्डो में विकास कार्य कराए जा रहे है, इसी कडी में आज विधायक निधि से 5 लाख रूपये की लागत से नंदई में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। भवन बन जाने से क्षेत्रवासियो को विभिन्न आयोजनो के लिए वार्ड में ही एक उचित स्थान मिल जाएगा। उन्होने कहा कि हमारे



विधाानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह जी एवं सांसद श्री संतोष पाण्डे जी के सहयोग से वार्डो में हर प्रकार के विकास कार्य चाहे वह रोड, नाली निर्माण या भवन निर्माण आवश्यकता अनुसार कराए जा रहे है। उक्त कार्य समय सीमा में पूर्ण कराया जाएगा ताकि इसका लाभ जल्द मिल सके। श्री कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि वार्डवासियो की मांग पर हमारे विधायक डॉ. रमन सिह ने भवन के लिए राशि स्वीकृत किए, जिसका निर्माण करने महापौर श्री यादव द्वारा भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे विधायक डॉ. सिंह एवं सांसद श्री संतोष पाण्डे शहर विकास के लिए सदैव तत्पर रहते है और अपने सभी कार्यकाल में उन्होंने विकास कार्य कराने राशि की स्वीकृति दिए। इसी प्रकार हमारे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी भी छत्तीसगढ राज्य को विकास की ओर अग्रसर कर रहे है। भूमिपूजन के पूर्व वार्ड के गणेश प्रसाद साहू, सुभाष हरिहारनो, गितेश गुप्ता, भरत सिंह राजपूत, विनय सोनी, गौरी शंकर लोहार, शैलेन्द्र यादव,उपेन्द्र यादव, रामप्रसाद बघेल,मनोज यादव, शकुंतला कौशिक, आशा टेभेकर ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## औंधी क्षेत्र के पालेभट्टी में जीवंत है आदिवासी परंपरा: मठ बांधना और कड़सालज के साथ आत्मा को सम्मानपूर्ण विदाई

**मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ के औंधी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पालेभट्टी में आदिवासी समाज आज भी अपनी सदियों पुरानी परंपराओं को उसी श्रद्धा, अनुशासन और सामूहिक भावना के साथ निभा रहा है। यहां किरंगे परिवार द्वारा हाल ही में संपन्न एक पारंपरिक अनुष्ठान ने क्षेत्र का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें ‘मठ बांधना’ और ‘कड़सालज’ की अनूठी परंपरा पूरी आस्था के साथ निभाई गई। स्थानीय मान्यता के अनुसार, मृत्यु के बाद आत्मा को सीधे विदा नहीं किया जाता, बल्कि विशेष विधि-विधान के साथ उसे पूर्वजों की श्रेणी में स्थान दिया जाता है। इस प्रक्रिया की शुरुआत श्मशान घाट से होती है। मांदर और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप के साथ परिजन श्मशान पहुंचते हैं, जहां मृतक की आत्मा के लिए पूजा-पाठ कर उसे प्रतीकात्मक रूप से अपने साथ लेकर गांव की ओर प्रस्थान करते हैं। गांव लौटते समय बीच रास्ते में पूर्वजों की आत्माओं से ‘भेंट’ कराने की परंपरा निभाई जाती है। इसे जीवन और मृत्यु के मध्य सेतु का प्रतीक माना जाता है। इसके बाद सभी आत्माओं को एक स्थान पर एकत्रित कर पूरे सम्मान के साथ घर लाया जाता है। आंगन या निर्धारित स्थल पर ‘मठ’ बांधा जाता है, जो आत्मा के स्वागत और पूर्वजों में सम्मिलित करने का प्रतीक है। परिवार के बुजुर्ग और समाज के प्रमुखजन पूजा-अर्चना कर आत्मा की शांति



तथा परिवार की समृद्धि की कामना करते हैं। इस अवसर पर किरंगे परिवार के 16 दिवंगत सदस्यों की आत्माओं को एक साथ स्थापित कर सामूहिक रूप से सम्मान दिया गया। यह दृश्य सामाजिक एकजुटता और पूर्वजों के प्रति गहरे सम्मान का प्रतीक था। वहीं एक अविवाहित बहन, जिनका निधन विवाह से पूर्व हो गया था, उनकी आत्मा को परंपरा के अनुसार अलग स्थान पर रखा गया। समाज की मान्यता के अनुसार, अविवाहित बेटी को दूसरे कुल का माना जाता है, इसलिए उसे परिवार की सामूहिक आत्माओं में सम्मिलित नहीं किया गया, बल्कि सम्मानपूर्वक अलग स्थान प्रदान किया गया। अनुष्ठान के उपरांत ‘कड़सालज’ कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जो इस परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। रात भर मांदर, ढोल और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज के बीच पुरुष और महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते रहे। गीतों में पूर्वजों का स्मरण, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और जीवन-मृत्यु के शाश्वत चक्र को स्वीकार करने का भाव स्पष्ट झलकता रहा। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि ‘कड़सालज’ केवल शोक का अवसर नहीं, बल्कि आत्मा को सम्मानपूर्वक पूर्वजों से जोड़ने और समुदाय को एक सूत्र में बांधने की सामाजिक प्रक्रिया है। यह नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम भी है, जहां वे अपनी संस्कृति, रीति-रिवाज और परंपराओं को प्रत्यक्ष रूप से सीखते हैं। आधुनिकता के प्रभाव के बावजूद पालेभट्टी जैसे गांवों में यह परंपरा आज भी जीवंत है। मठ बांधना और कड़साल जैसी विधाएं न केवल छत्तीसगढ़ की समृद्ध आदिवासी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित कर रही हैं, बल्कि सामाजिक एकता, सामूहिक स्मृति और सांस्कृतिक निरंतरता का सशक्त संदेश भी दे रही हैं।

## घोरदा में सी सी रोड़ निर्माण का भूमिपूजन किया

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम पंचायत घोरदा में वार्ड नंबर



10 में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन सरपंच सूर्यकान्त साहू एवं जिला पंचायत सदस्य विमल विभा साहू के द्वारा किया गया। इस दौरान मौके पर सचिव करण जोशी , वार्ड पंच-महेश्वरी साहू ,तिलोका साहू, एवं ग्रामीणजन शिवशंकर साहू, अजय साहू ,ओमकुमार साहू(अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ परिक्षेत्रीय साहू संघ घोरदा),सचिन साहू,अर्जुन साहू,रोहित ठाकुर,निर्मला सिन्हा,पार्वती सिन्हा, ललित बंजारे(मेट) उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि बागेश्वर धाम में होगे अमरनाथ की सजीव झांकी के दर्शन

### तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव मे बर्फ शिवलिंग पूजन महाआरती होगी



**राजनांदगाव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कार धानी की गौरवपूर्ण धार्मिक उत्सव पर्व के आयोजन की श्रृंखला में शिवअराधना के महापर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री बागेश्वर धाम मंदिर में बाबा अमरनाथ धाम की झांकी जिसमें विशेष रूप से बर्फशिवलिंग जो आकर्षण का विषय होगी,अमरनाथ के दर्शन शिव भक्तो को होगे। महाशिवरात्रि पर्व में तीन दिवसीय भव्य महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए बागेश्वर धाम मंदिर सेवाधारी, सेवक पंकज गुप्ता, विजय गुप्ता,सूरज गुप्ता, राकेश ठाकुर,सौरभ गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल,राजेश शर्मा,भावेश अग्रवाल ने बताया कि भगवान शिव के सबसे बड़े पर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर तीन दिवसीय आयोजन में श्री बागेश्वर धाम मंदिर में दिनांक 13-14 फरवरी को शिव भक्तों द्वारा पर्थिव शिवलिंग बनाया जावेगा। प्रतिदिन संध्या 6 बजे बाबा अमरनाथ की आरती होगी। दिनांक 14 फरवरी दोपहर 4 बजे ध्वज पूजन कर शिव ध्वज स्थापित किया जावेगा। महाशिवरात्रि दिनांक 15 फरवरी को प्रात: 7 बजे से अनवरत रूप से शिव जलाभिषेक शिवभक्तो द्वारा किया जावेगा।मंदिर परिसर मे स्तिथ श्री बागेश्वर उत्सव भवन में प्रात: 10.30 बजे बाबा अमरनाथ के बर्फ शिवलिंग माता गौरी, पार्थिव शिवलिंग का पूजन आरती यजमानो भक्तों द्वारा किया जावेगा। संध्या 7 बजे शिव गंगा आरती के तर्ज पर श्री बागेश्वर धाम अमरनाथ गौरी की भव्य आर्कषक आरती 5 विप्रो द्वारा की जावेगी। नगर में एकमात्र मंदिर श्री बागेश्वर धाम जहाँ शिवरात्रि के चार प्रहरो का शिव पूजन आरती की जाती है।



महाशिवरात्रि महोत्सव में विधानसभा अध्यक्ष पूर्व मुख्य मंत्री विधायक डॉ.श्री रमन सिंह सांसद श्री संतोष पांडेय, महापौर श्री मधुसुदन यादव, सहित अन्यर गणमान्य शिवभक्तगण बड़ी संख्या मे शामिल होगें। बागेश्वर धाम मंदिर के सेवा संरक्षक कैलाशचंद गुप्ता,सोहन लाल गुप्ता, डॉ डी.सी.जैन, श्रीमती शारदा तिवारी,गणेश गुप्ता सेवक अजय गुप्ता, विकास गुप्ता, राज गुप्ता आदि सभी के द्वारा श्री बागेश्वर धाम मंदिर के तीन दिवसीय भव्य महाशिवरात्रि आयोजन,पूजन में संस्कार धानी के सभी शिवभक्तो से उपस्थित होकर धर्मलाभ शिवकृपा प्राप्त करने का आग्रह किया है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी केवल एक राजनेता नहीं थे चिंतक, दार्शनिक और राष्ट्रऋषि थे- खूबचंद पारख

## समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि, भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज भाजपा जिला कार्यालय राजनांदगांव में भारतीय जनता पार्टी के मार्गदर्शक, एकात्म मानववाद के प्रणेता, आदरणीय स्व. श्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मार्गदर्शक आदरणीय खूबचंद पारख उपस्थित रहे। उन्होंने अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि वे एक ऐसे चिंतक, दार्शनिक और राष्ट्रऋषि थे, जिन्होंने भारतीय राजनीति को भारतीय संस्कृति और विचारधारा से जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने बताया कि एकात्म मानववाद का सिद्धांत मानव, समाज और प्रकृति के संतुलन पर आधारित है, जो आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। पारख ने कहा कि पंडित जी का जीवन सादगी, त्याग, सेवा और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने अपने जीवन में कभी भी पद और प्रतिष्ठा को महत्व नहीं दिया, बल्कि सदैव संगठन और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। उन्होंने यह भी कहा कि आज के कार्यकर्ताओं के लिए पंडित दीनदयाल जी का जीवन प्रेरणा का स्रोत है, क्योंकि उन्होंने दिखाया कि विचारधारा पर आधारित राजनीति ही राष्ट्र को सशक्त बना सकती है। उन्होंने अपने उद्बोधन में पंडित जी के अंत्योदय के विचार पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना ही सच्ची सेवा है। आज केंद्र और राज्य की सरकारें जिस प्रकार गरीब, वंचित, किसान, युवा और महिलाओं के कल्याण के लिए योजनाएं चला रही हैं, वह पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों का ही प्रत्यक्ष रूप है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पंडित जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं और सेवा भाव से समाज के बीच कार्य करें। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पंडित जी के विचारों को अपने आचरण में उतारकर ही संगठन को मजबूत बना सकता है। उन्होंने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे समर्पण दिवस के अवसर पर संगठन के प्रति और अधिक सक्रियता एवं निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लें। श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत युवा मोर्चा भाजपा के भाई कमलेश प्रजापति द्वारा वंदे मातरम् गीत के साथ की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला मीडिया प्रभारी रवि सिन्हा ने किया। अंत में जिला महामंत्री डीकेश साहू ने समापन उद्बोधन एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष तरुण लहरवानी , जिला कोषाध्यक्ष भावेश बैद , श्रीमती रेखा मेश्राम , मंडल अध्यक्ष सुमित सिंह भाटिया, गोलू गुप्ता , मनोज साहू , खिलेश्वर साहू , पार्षद रवि सिन्हा,मणिभास्कर गुप्ता ,रानू जैन ,शैंकी बग्गा,अमर ललवानी, पूर्णिमा साहू ,शेखर लस्करे सतीश साहू श्रीमती



देवकुमारी साहू , मंडल महामंत्री चंद्रभान जघेल , बलवंत साहू , विनोद भारती , अशोक आदित्य श्रीवास्तव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता, जिला पदाधिकारीगण, मंडल पदाधिकारीगण, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा उनके सिद्धांतों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

## पाटेकोहरा में प्रश्न मंच प्रतियोगिता संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विगत दिनों एल्टाई (इंग्लिश लैंग्वेज टीचर्स एसोशिएशन ऑफ इंडिया) राजनंदगांव चैप्टर के बैनर तले एक जिला स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



इस प्रश्न मंच प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से विद्यार्थियों ने भाग लिए। इस अवसर पर समाज सेवी श्री परमजीत सिंह, मोटीवेशनल स्पीकर श्री पूनाराम सिन्हा, ने माँ सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । मुख्य अतिथि के आसंदी से श्री परमजीत सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता विद्यार्थियों को आने वाली जीवन के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करती है।

विद्यार्थियों को इसका सुखद परिणाम आने वाले समय मे परिलक्षित होता है । इसके लिए आवश्यक है कि समय के मांग को देखते हुए विद्यार्थिगण इसकी पूर्व तैयारी करें। उन्होंने हर संभव विद्यार्थियों को अपना सहयोग देने की बात कही। मोटीवेशनल स्पीकर श्री पूनाराम सिन्हा ने कहा कि सफलता एक दिन में नहीं मिलती है, लेकिन एक न एक दिन जरूर मिलती है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे समय को जाया न करते हुए वे भविष्य निर्माण में लग जाए। उन्होंने विद्यार्थियों को समय नियोजन, अध्ययन नियोजन एवं पुस्तकों के अनवरत अध्ययन के संबंध में अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। इस प्रतियोगिता में मधुरम ग्रुप प्रथम, सत्यम ग्रुप द्वितीय, सुंदरम ग्रुप तृतीय एवं शिवम ग्रुप चतुर्थ स्थान प्राप्त किए। प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जीते हुए प्रतिभागियों यथा मूलदीप वैष्णव, हिरेंद्र वर्मा, वंदना निषाद, लोकेश्वर यादव, सुमित सिन्हा, होमिता यादव, डोमेश्वरी साहू एवं कु. नमिता को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ पुरुस्कार प्रदान किया गया। बेहतर प्रदर्शन करनेवाले अन्य प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री एस.एस. ध्रुवे, श्री धरम सिन्हा, कु.पूजा देवांगन, कु. नेहा सिन्हा, कु. खिलेश्वरी सिन्हा, कु.आस्था सिन्हा, डॉ. तौसीफ रज़ा, श्री तुलाराम सिन्हा, कु. केसरी पटेल, कु. अंजलि साहू, कु. पिंकी सिन्हा एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे। यह जानकारी धरम सिन्हा ने दिया।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ब्रह्मा कुमार दिलीप साहू माउंट आबू के लिए रवाना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज दिलीप साहू माउंट आबू के लिए करवाना हो गए हैं पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला कार्यकारिणी घोषित करने के बाद जिले के अमन चैन एवं समृद्धि के लिए माउंट आबू में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का मुख्यालय में मेडिटेशन के द्वारा तपस्या एवं ज्ञान अर्जित करने के लिए शिविर के माध्यम से एक सप्ताह योग एव



तपस्या करेंगे और सबकी सुख शांति की दुआएं करेंगे महाशिवरात्रि के पावन पर ऊपर शिवरात्रि माउंट आबू मुख्यालय में ही मनाएंगे एवं शिव बाबा से सब के लिए प्रदेश की उन्नति और समृद्धि का शुभकामना एवं शुभकामना लेंगे।

**शुभांक**

**1-7-9**

**788-3 457-6**

**भाग्यांक**

**679-2 570-2**

# शिक्षक ने दी ऐसी सजा की बच्चा अब बिस्तर में

### 10 वीं के छात्र से 100 बार उठक-बैठक, अपंग होकर बैड में पड़ा है छात्र, रायपुर में चल रहा है छात्र का इलाज

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** अंबागढ़ चौकी केंद्रीय विद्यालय एकलव्य मे बालिकाओं के द्वारा एक के बाद एक आत्महत्या करने का प्रयास तथा बालकों को दुर्दांत तरीके से मारने के मामले मे प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा एक्शन अब तक नहीं ली गई है वहीं पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल, अंबागढ़ चौकी में दो शिक्षिकाओं के द्वारा 10वीं कक्षा के एक छात्र को शारीरिक सज़ा दिए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि दो शिक्षिका के द्वारा छात्र से सज़ा के तौर पर 100 बार उठक-बैठक कराई गई, जिसके बाद छात्र अपाहिज़ों की तरह बिस्तर में है। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने छात्र को रायपुर रेफर किया है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित छात्र 10वीं कक्षा में अध्ययनरत है और उसकी बोर्ड परीक्षाएँ नज़दीक हैं होनहार छात्र शारीरिक दंड से अपाहिज हो गया है जो बिस्तर से खुद भी खुद नहीं उठ पा रहा है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार अंबागढ़ चौकी अंग्रेजी माध्यम आत्मानंद में जनवरी माह में किसी बात को लेकर दोनों शिक्षिका ने छात्र को दंडित करते हुए सौ बार स्कूल में उठक बैठक कराया।अत्यधिक शारीरिक सज़ा के बाद छात्र को चक्कर, कमजोरी और अन्य शारीरिक परेशानी होने लगी।

छात्र की हालत बिगड़ते देख स्कूल से परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद उसे तत्काल नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया है फिलहाल छात्र का इलाज रायपुर के एक अस्पताल में जारी है।घटना के बाद परिजनों में भारी आक्रोश है। उनका आरोप है कि शिक्षकों ने अनुशासन के नाम पर अमानवीय व्यवहार किया, जिससे बच्चे की जान तक खतरे में पड़ गई है। परिजनों ने जिला शिक्षा अधिकारी, कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जाँच कर दोनों दोषी शिक्षिका के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। यह घटना स्कूलों में छात्रों को दी जाने वाली शारीरिक सज़ा पर गंभीर सवाल खड़े करती है, विशेषकर तब जब छात्र बोर्ड परीक्षा जैसे मानसिक दबाव के दौर से गुजर रहे हों।

**इन शिक्षिका पर लगा प्रताड़ना का आरोप**

पीड़ित छात्र के परिजनों ने आरोप लगाया है कि शिक्षिका रुचि भागे, वर्षा प्रधान ने छात्र को किसी बात को लेकर क्लास रूम में 100 बार उठक बैठक कराया जिसके बाद छात्र अब उठ बैठ नहीं पा रहा है। गरीब मां-बाप विगत एक माह से रायपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं।

**बोर्ड परीक्षा के पहले पड़ा बिस्तर में**

घटना को लेकर बताया गया कि दसवीं बोर्ड परीक्षा कुछ ही दिन शेष है। ऐसे मे दसवीं बोर्ड परीक्षा की सफल तैयारी छात्र कैसे कर पाएगा ।

**शिक्षिकाओं को नोटिस जारी कर मांगा जवाब- बीईओ**

इस पूरे मामले को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस के धीवर ने कहा कि, दंड देने वाले दोनों शिक्षिकाओं को नोटिस प्रदान करते हुए जवाब मांगा गया है।

## 15वें वित्त की राशि अटकी, सरपंचों ने जनपद पंचायत में लगाया ताला

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत में 15वें वित्त आयोग की राशि रोक दिए जाने को लेकर सरपंचों का गुस्सा बुधवार को सड़क पर फूट पड़ा. दर्जनों नाराज सरपंचों ने सामूहिक रूप से जनपद कार्यालय में ताला लगा दियागया, जिससे प्रशासनिक कामकाज पूरी तरह ठप्प पड़ गया



और पूरे परिसर में हड़कंप मच गया. यह अभूतपूर्व विरोध ग्राम पंचायतों के ठप्प पड़े विकास कार्यों और अनेकों बार अनसुनी की गई मांगों के खिलाफ था. आक्रोशित सरपंचों का कहना था कि लंबे समय से राशि जारी नहीं होने के कारण गांवों में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता और बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्य पूरी तरह रुक चुके हैं. कई ग्राम पंचायतों में योजनाएं कागजों तक सीमित होकर रह गई हैं, जबकि ग्रामीण विकास ठहर सा गया है. सरपंचों ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक स्तर पर केवल आश्वासन मिल रहे हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हुई. जनपद कार्यालय में ताला जड़ने के बाद करीब 60 से 70 सरपंच एकजुट होकर डोंगरगढ़ एसडीएम कार्यालय पहुंचे. यहां उन्होंने एसडीएम एम. भार्गव से मुलाकात कर अपनी मांगें रखीं. फिलहाल एसडीएम कार्यालय में सरपंचों और प्रशासन के बीच अहम बैठक जारी थी, जिसमें गतिरोध तोड़ने और समाधान निकालने पर चर्चा हो रही थी. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम कार्यालय परिसर में पुलिस बल तैनात किया गया था, हालांकि प्रदर्शन अब तक शांतिपूर्ण बना हुआ था. सरपंचों ने साफचेतावनी दी है कि यदि जल्द 15वें वित्त की राशि जारी नहीं की गई तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे और जनपद स्तर पर सभी शासकीय कार्यों का बहिष्कार कर सकते है. अब सबकी नजर इस बैठक पर टिकी थी कि क्या प्रशासन सरपंचों की नाराजगी शांत कर पाएगा कि और कोई पैंतरा अपनाकर शांत करने में कामयाबी हासिल की जायेगी जो यक्ष सवाल बनकर खड़ा हुआ है।

## देवतुल्य आचार्य गुरु विद्या सागर जी महाराज को भारत रत्न देने की मांग की -तरुण हथेल कार्यकारी विहिप अध्यक्ष ने

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** सांसद प्रतिनिधि ,कार्यकारी विश्व हिंदू परिषद राजनन्दगांव जिला अध्यक्ष पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तरुण हथेल ने देव तुल्य आचार्य विद्या सागर महाराज जी की अगर जीवन देखा जाय तो नि:स्वार्थ सेवा भाव से भरा हुआ है जिनके अनेको धर्म के करोड़ों है उनके अनुयायीयो के दु:ख मात्र दर्शन से दूर हो जाते थे और आज सिर्फ सच्चे मन से याद भर करले दिन हीन दुखयारी सारे दु:ख दूर हो जाते है ,वैसे तो जैन धर्म के गुरु थे गुरु जी के नाम से कई धर्मार्थ सेवा संस्थाए जनहित में पूरे भारत देश पर चल रही है जिसमें उनके बताए हुए मार्ग पर लोग चल कर मुक्ति का मार्ग पा रहे है दु:ख तो सबके जीवन मे आता है अमीर हो या गरीब सबक साथ है हथेल ने कहा इन संस्थानों में लाखों लोग कार्य कर रहे हैं जिससे उनका परिवारिक जीवन यापन चलता है इन संस्थानों में गौ सेवा,शिक्षा केन्द्र,गरीब निर्धन असहाय लोगो को मदद रोजगार, बुनकर, स्वास्थ्य शिविर जैसे विभिन्न जनहित के आयोजन इन संस्थाओं में होते रहते है जिसका सीधा लाभ आमअमीर गरीब जनता को मिल रहा है हम अगर गुरु जी का जीवन देखे तो सरल भाषा मे जनकल्याण से सजा हुआ है जन्म से लेकर मुक्ति का मार्ग तक ऐसे महान संत आचार्य श्री को शत शत नमन हम सब धन्य है जो डोंगरगढ़ की इस पवन धर्मिक नगरी में हमारे गरुवार ने देह त्यागा और इस डोंगरगढ़ की धरती को युगों युगों के लिए एक अमर अमृत पहचान दे दी मै हथेल ने कहा अपने ओर से भारत सरकार के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ,केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी इस राजनन्दगांव जिले के लोकप्रिय सांसद संतोष पांडेय जी से हमारे देवतुल्य आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज को भारत रत्न देने की मांग करता हूं क्यो की उनका जीवन इस देश के साथ साथ इस पूरे विश्व संसार को समर्पित था ऐसे महात्मा के लिए यह भी बहुत छोटा है ।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER (E/M) DIVISION
PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT
RAJNANDGAON (CHHATTISGARH)

No. 15/2025-26 /TS/EE/(E&M) PHED/ Rajnandgaon Dated:-09-02-2026

NOTICE INVITING TENDER

(SECOND CALL)

Sealed tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh on Form "B" for job work carried out as mentioned below from the manufacturer or their authorized dealers having previous experience of such type of work satisfactory performance report as annexed in 'Annexure-A'
1) Last date of receipt of application issue of tender documents 19-02-2026 up to 05.30 PM 2) Pre bid Discussion 17-02-2026 up to 11:30 AM to 05:30 PM 3) Last date of Sale of tender document -20-02-2026 up to 05.30 PM 4) Last date of receipt of tender document- 23-02-2026 up to 03.00 PM 5) Date of opening Tender 23-02-2026 at 04.00 PM

| Sr. No | Item Name | Estimated Cost in Lakh) | EARNEST MONEY (RS) | Cost of tender document | Period to complete job work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Shifting of the departmental Hydrofracturing unit (i.e. CG 02-3217) and remounting of all existing equipment along with accessories on the newly provided departmental Ashok Leyland (1920 Model) 20 feet chassis including all necessary modifications, fabrication, repairs, refurbishing and installation works as per detailed technical specification given in scope of work (Annexure-B) (rates may clearly be quoted with all taxes, charges and labour charges) including trial & testing. | 4.76 | 4800/- | 750.00 | 45 DAYS |

Terms & Condition
1. This short NIT will be part of the agreement.
2. This short NIT also available in the Executive Engineer (E/M) Dn. P.?.?. Department, Rajnandgaon Chhattisgarh Notice Board.

Executive Engineer
(E/M) Division
Public Health Engineering Department
Rajnandgaon (C.G.)

G-06536/2

## गणतंत्र दिवस में सम्मानित हुए व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 77वां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 को ग्राम तिलईरवार में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । सभी विद्यालय प्राथमिक ,माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी संयुक्त रूप से एक जगह एक साथ गणतंत्र दिवस में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य हायर सेकेंडरी के व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू जी के द्वारा किया गया । साथ ही इस गणतंत्र दिवस में विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा प्रमुखता से कार्य करने ,सभी गतिविधियों को प्रमुखता से संचालित करने के लिए, वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण पर कार्य करने के लिए, स्वच्छता एवं जागरूकता रैली का कार्य करने के लिए, कमजोर बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षण का कार्य करने के लिए,उल्लास साक्षरता कार्यक्रम में योगदान देने के लिए, प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान में अपना योगदान देने के लिए,विद्यालय में बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परीक्षा परिणाम देने के लिए, निर्धन एवं कमजोर बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए आदि सभी कार्यों को प्रमुखता से करने के लिए हायर सेकेंडरी के व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू को ग्राम सरपंच श्रीमती नदीका कुंजाम ,शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष मोरध्वज चंद्रवंशी ,जनपद सदस्य कांतिबाई चंद्रवंशी , चंद्रकुमार साहू, सुदर्शन साहू, तामेश्वर साहू, दिग्विजय शांडिल्य, संस्था प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर एवं समस्त ग्राम वासियों की तरफसे शाल ,श्रीफल मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया ।



**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पूर्व में यशवंत सिन्हा पिता स्व. मनोहर लाल सिन्हा था, निवासी-सारंगपाणी चाल, पुराना सिविल लाईन वार्ड नं.-13, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का रहने वाला हूँ। मैने विधिवत धर्म परिवर्तन कर अपना नाम मोहम्मद यासीन पिता स्व. अब्दुल रहमान रख लिया है। अब मुझे इस नये नाम से जाना पहचाना जाता है और इस नाम से पुकारा जाता है। अब मुझे मेरे नये नाम से संबोधित किया जाये।

**यशवंत सिन्हा**
**पिता स्व. मनोहर लाल सिन्हा**
**निवासी-सारंगपाणी चाल,**
**पुराना सिविल लाईन**
**वार्ड नं.-13, राजनांदगांव**
**तहसील व जिला राजनांदगांव**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे नाम व स्वामित्व की भूमि स्थित ग्राम तिलईरवार तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव छ.ग. के राजस्व अभिलेख में मेरा नाम कुमारीबाई आ. सिया राम दर्ज जो कि मेरा प्रचलित एवं घरेलु नाम है । मेरा वास्तविक व सही नाम रामकुमारी चंद्रवंशी पति मेहतर राम चंद्रवंशी कृषक ग्राम तिलईरवार, तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव छ.ग. है जो मेरे आधार कार्ड क. 3719 1287 6444 में दर्ज है जो सत्य सही व वास्तविक है के संबंध में शपथपत्र प्रस्तुत कर रही हूं ।

**रामकुमारी चंद्रवंशी**
**पिता-सिया राम**
**पति-मेहतर राम चंद्रवंशी**
**कृषक ग्राम-तिलईरवार**
**तहसील-डोंगरगांव**
**जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**!! ईश्तहार !!**

रा.प्र.क. 202601092300018 ब-121 वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक भीखम कवर पिता रामचंद कवर जाति कंवर निवासी ग्राम कन्हारगांव तहसील डोंगरगढ द्वारा अपने पुत्र का जन्म दिनांक 14/03/2012 को ग्राम कन्हारगाव, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनादगांव में होने से तथा भूलवश जन्म का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण अपने पुत्र का जन्म दिनांक 14/03/2012 को दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा / आपत्ति पेशी दिनांक 16/02/2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 30/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**
**जि. राजनांदगाँव**

**कार्यालय-नगर पंचायत गण्डई, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**
**Email-npgandai@gmail.com**

नामांतरण प्रकरण कमाक 4135 गण्डई, दिनांक 06.02.2026

**-:: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना ::-**

एतद् दद्वारा स्वामित्व में हित रखने वाले हितग्राही को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत स्वामित्य के अंतरण के सबंध में निम्नलिखित हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नगर पंचायत गण्डई के अभिलेख में हस्तांतरिती का नाम दर्ज किया जाना है। स्वामित्व सबंधी यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा समयावधि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्रं. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री जोगराज जैन पिता श्री नेमीचंद जैन वार्ड क्रं. 12 गण्डई | 1) श्रीमती सुमन जैन, (2) श्रीमती शोभा जैन, (3) श्रीमती शीतल जैन तीनों के पिता स्व. श्री जेठमल जैन वार्ड क्रं 12 (4)श्रीमती खुशबू जैन पति स्व. श्री निलेश जैन | शपथ-पत्र | पंचायत कालीन दुकान सरल क्रमांक 04 |
| 2 | श्री अशोक कुमार जैन पिता श्री नेमीचंद जैन वार्ड क्रं. 12 गण्डई | 1) श्रीमती सुमन जैन, (2) श्रीमती शोभा जैन, (3) श्रीमती शीतल जैन तीनों के पिता स्व. श्री जेठमल जैन वार्ड क्रं 12 (4)श्रीमती खुशबू जैन पति स्व. श्री निलेश जैन | शपथ-पत्र | पंचायत कालीन दुकान सरल क्रमांक 44 |
| 3 | श्री जेठमल जैन पिता श्री जोगराज जैन वार्ड क्रं. 12 गण्डई | 1) श्रीमती सुमन जैन, (2) श्रीमती शोभा जैन, (3) श्रीमती शीतल जैन तीनों के पिता स्व. श्री जेठमल जैन वार्ड क्रं 12 (4)श्रीमती खुशबू जैन पति स्व. श्री निलेश जैन | शपथ-पत्र | पंचायत कालीन दुकान सरल क्रमांक 03 दुकान क्रं. 29 |
| 4 | श्री गणेश दास महार पिता श्री हटोई दास महार वार्ड कं01 गण्डई | श्री महेन्द्र कुमार देवांगन पिता श्री तरूण कुमार देवांगन वार्ड क्रं. 15 गण्डई | रजिस्ट्री-पत्र | वार्ड कं. 01 गण्डई स्थित मकान-भूमि |
| 5 | श्री इतवारी राम चौरे पिता श्री गंगा राम चौरे वार्ड क्रं. 07 गण्डई | श्री लाव्यांश चौरे श्री जिग्वांश चौरे दोनों के पिता श्री मनोज चौरे वार्ड क्रं. 07 गण्डई | शपथ-पत्र | वार्ड कं. 07 सब्जी मार्केट पक्का दुकान क्रं.22 |

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत गण्ठई**

## ज्ञान मंथन

*1) कौन सा संस्थान कोलेस्ट्रॉल का पता लगाने के लिए नया ऑप्टिकल सेंसर प्लेटफॉर्म विकसित किया है?*
*2) 2025 प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार का विजेता किस देश का वास्तुकार लियू जियाकुन है?*
*3) किस खगोलशास्त्री की रचना का नाम च्यंचसिद्धांतिकाज् था?*
*4) गोलान हाइट्स, जो खबरों में देखा गया था, एक सीरियाई क्षेत्र है जिस पर किस देश का कब्जा है?*
*5) दुर्लभ पक्षी स्कारलेट टेनजर हाल ही में किस देश में देखा गया?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) इंस्टीट्यूट ऑफएडवांस स्टडी इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी, गुवाहाटी (2) चीन (3) वराहमिहिर (4) इज़राइल (5) यूनाइटेड किंगडम

# किशोर न्याय अधिनियम पर एक दिवसीय कार्यशाला, बाल संरक्षण व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**बालोद (नांदगांव टाइम्स)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोद द्वारा किशोर न्याय अधिनियम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा जारी स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के अंतर्गत दिनांक 11 फरवरी को सर्किट हाउस, बालोद में आयोजित की गई।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य किशोर न्याय प्रणाली को अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं बालहितैषी बनाना रहा। कार्यशाला में किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 विषय पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि किशोर न्याय अधिनियम का मूल उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि बच्चों में सुधार लाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक बच्चा सुधार और नए अवसर का अधिकारी है तथा समाज की जिम्मेदारी है कि उसे सकारात्मक वातावरण प्रदान किया जाए। बच्चों के साथ व्यवहार करते समय उनकी गरिमा, सम्मान और भविष्य को सदैव ध्यान में रखा जाना चाहिए।अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.एस.सी.) कृष्ण कुमार सूर्यवंशी द्वारा पॉक्सो अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत यह स्पष्ट किया कि किशोर न्याय व्यवस्था की सफलता तभी संभव है जब सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और प्रत्येक मामले में बालहित को सर्वोपरि रखा जाए। साथ ही बच्चों को शिक्षा, कौशल विकास एवं परामर्श सेवाओं से जोड़ने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला गया। प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड बालोद, सुश्री सतप्रीत कौर छाबड़ा द्वारा किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि संघर्षरत बच्चों से जुड़े मामलों में सहानुभूति, संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास विकसित हो और वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बन सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के सचिव भारती कुलदीप ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 तथा इससे जुड़े नियमों एवं प्रक्रियाओं की व्यापक जानकारी प्रदान करना है, जिससे संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि किशोर न्याय प्रणाली को मजबूत बनाने तथा बाल अधिकारों के संरक्षण हेतु इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन निरंतर जारी रहेगा। कार्यशाला में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय सोनी, पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, किशोर न्याय बोर्ड बालोद के सदस्यगण, बालक कल्याण समिति बालोद के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, बालोद पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के पैरालीगल वालंटियर उपस्थित रहे। कार्यक्रम को न्यायिक व्यवस्था, प्रशासनिक तंत्र एवं सामाजिक संस्थाओं के समन्वय से किशोर न्याय प्रणाली को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।





## गणतंत्र दिवस में रेशम लाल पटेल ने मेधावी बच्चों को सम्मानित किया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** 77वां गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी 2026 को ग्राम तिलईरवार में रेशम लाल पटेल जी निवासी ग्राम तिलईरवार द्वारा वर्ष 2025 में कक्षा पांचवी ,आठवीं ,दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में जितने भी विद्यार्थियों ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किए हैं उनको मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए । रेशम लाल पटेल जी द्वारा विगत कई वर्षों से मेधावी बच्चों को सम्मानित करने का उनको प्रोत्साहित करने का एक अनोखा कार्य कर रहे हैं । उनके इस कार्य को ग्राम सरपंच श्रीमती नंदीका कुंजाम, मोरध्वज चंद्रवंशी,चंद्रकुमार साहू, सुदर्शन साहू,प्रकाश सूर्यवंशी, कांतिबाई चंद्रवंशी,तामेश्वर साहू, दिग्विजय शांडिल्य, ग्रामीण जनों, संस्था प्राचार्य एवं सभी स्टॉफसदस्यों द्वारा बहुत प्रशंसा किए गए ।



## निधन

**शांति बाई साहू**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जा रहा है कि बुधवारी पारा निवासी मोतीराम साहू जी की धर्मपत्नी नगर साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र साहू वीरू जी की बड़ी मम्मी शांति बाई साहू का आकस्मिक निधन हो गया है जिनका अंतिम शव यात्रा निज निवास बुधवारी पार से छीरपानी मुक्ति धाम के लिए आज सुबह 11:00 बजे 123.2026 दिन गुरुवार अंतिम संस्कार किया जाएगा भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।



## निधन

**उत्तमचंद जी जैन**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** दिगम्बर जैन समाज के प्रतिष्ठित धमसैया जैन परिवार के सदस्य संजय जैन (मंटो) सुपुत्र स्व.श्री उत्तमचंद जी जैन का आज दिनांक 11 फरवरी को दोपहर 12.15 बजे हृदयाघात से निधन हो गया वे समाज के प्रतिष्ठित एवं सक्रिय सदस्य सतीश जैन के छोटे भाई एवं अनिल जैन सुनील जैन के बड़े भाई थे श्री संजय जैन महावीर जैन (लक्की) एवं हर्ष जैन (लब्बो) के पिता थे!! मंटो भैया की अंतिम यात्रा कल दिनांक 12. फरवरी 2026 गुरुवार को सुबह 10 बजे निज निवास स्थान गंज लाईन से मुक्तिधाम मठपारा राजनांदगांव को जाएगी!! शोकाकुल में सतीश जैन (बड़े भाई ) अनिल जैन सुनील जैन (लघु भ्राता) महावीर जैन (लक्की) हर्ष जैन (लब्बो) पुत्र एवं समस्त धमसैया जैन परिवार राजनांदगांव।



### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला कार्यकारिणी की घोषणा

## डॉ. रमन सिंह के आशीर्वाद एवं प्रदेश नेतृत्व की सहमति से नई टीम घोषित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला राजनांदगांव की नवीन जिला कार्यकारिणी की घोषणा आज विधिवत रूप से की गई। यह घोषणा परम आदरणीय माननीय डॉ. रमन सिंह जी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा के आशीर्वाद, माननीय प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा आदरणीय श्री मखमुर इकबाल खान जी की सहमति एवं भाजपा जिलाध्यक्ष आदरणीय श्री कोमल सिंह राजपूत जी की अनुशंसा से की गई। जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा श्री हैरी जोसेफ ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर श्री ईमरान बीबा को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला राजनांदगांव का जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। संगठन को विश्वास है कि श्री बीबा अपने अनुभव, समर्पण एवं संगठनात्मक क्षमता से पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जिलाध्यक्ष श्री हैरी जोसेफ ने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा संगठन की रीढ़ है और आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों में नई कार्यकारिणी सक्रिय भूमिका निभाएगी। उन्होंने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन के विस्तार एवं मजबूती के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त कोषाध्यक्ष श्री ईमरान बीबा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



**ईमरान बीबा को बनाया गया जिला कोषाध्यक्ष, संगठन को मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम**

## जिला हॉकी संघ राजनांदगांव की विजयी शुरुवात रायपुर को 3-2 गोल से पराजित किया

**बिलासपुर (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में स्व.हसन मिर्जा बेग स्मृति यूथ कप 7 ए साइड हॉकी प्रतियोगिता आयोजित कि जा रही है जिसमें छत्तीसगढ़ हॉकी से मान्यता प्राप्त टीमें भाग ले रही । प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज खेले गए चौथे मैच में जिला हॉकी संघ राजनांदगांव ने अपने प्रथम मैच में हॉकी रायपुर को 3-2 गोल से पराजित कर विजयी शुरुवात कि।आज खेल गए इस रोमांचक मुकाबले में दोनों ही टीमो ने अपने शानदार खेल का परिचय दिया । मैच के मध्यांतर तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई थी ,मध्यांतर के बाद जिला हॉकी संघ राजनांदगांव ने खेल में बदलाव करते हुए लगातार रायपुर के गोल पोस्ट पर हमला किया जिसके फ़लस्वरूप मैच के 32 वें मिनट में उसे सफलता मिली जब टिम के फारवर्ड सुखदेव निर्मलकार ने शानदार मैदानी गोल किया,इसके बाद लगातार मैच के 38वे मिनट खुशाल यादव और मैच के 39वे मिनट में धकेता, सचिव जिला हॉकी संघ नीलम जैन,कुतुबुद्दीन सोलंकी,रमेश डाकलिया, भूषण,साव,प्रकाश सांखला,ज्ञानचंद जैन,गणेश प्रसाद शर्मा, आशा थॉमस,प्रिंस भाटिया,मृणाल चौबे,प्रकाश शर्मा,अजय झा,अनूप श्रीवास्तव,छोटे लाल रामटेके, अरुण श्रीवास्तव,अशोक देवांगन,दीपक यादव,चंदन भारतद्वाज, अनुराज श्रीवास्तव, शिवा चौबे,भागवत यादव,महेंद्र सिंह,संतोष चौकेंद्र,गुणवंत पटेल,दिग्विजय श्रीवास्तव,एम वाय कुरैशी,शब्बीर हैदरी,आयोजन सचिव आशीष सिन्हा,अशोक नागवंशी,लक्ष्मण यादव,महबूब शरीफ़सुरेंद्र साहू,मुकेश जायसवाल,मनीष यादव,योगेश द्विवेदी,अखिलेश मिश्रा,जावेद खान,ने शुभकामनाएं दी।



कारण साहू ने गोल किया ।जिसके मुक़ाबले रायपुर 2 गोल ही कर पाई ।इस तरह रोमांचक मुकाबले में राजनांदगांव ने रायपुर को 3-2 गोल से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया । टीम की इस जीत पर फिरोज अंसारी अध्यक्ष जिला हॉकी संघ,शिवनारायण

## महापौर मधुसूदन यादव ने हल्दी व सिंदई में सफाई एवं निर्माण कार्यो का लिया जायजा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** निगम सीमाक्षेत्र के वार्डो में साफ सफाई एवं निर्माण कार्य निरीक्षण की कडी में महापौर श्री मधुसूदन यादव आज ग्रामीण वार्ड हल्दी व सिंदई में वार्ड पार्षद श्री मुकेश साहू व श्री चंद्रकृत साहू के साथ निर्माण व सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर सफाई व्यवस्था और दुरूस्त करने तथा निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। महापौर श्री यादव सिंदई एवं हल्दी में सफाई व्यवस्था देख निर्धारित समय तक कर्मचारी कार्य नही करने की शिकायत पर हाजरी रजिस्टर की जॉच कर प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा तथा स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव से कहा कि सभी कर्मचारी सुबह समय में उपस्थित होकर निर्धारित समय तक सफाई कार्यो का निर्वाहन करेंगे। बिना अनुमति अनुपस्थित या समय से पहले कार्य से जाने वाले कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण वार्ड को ध्यान में रखकर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए, वार्डवासियो को स्वच्छता अपनाने तथा कचरा स्वच्छता दीदीयो को देने समझाईस देवे। हल्दी में साफ सफाई के अलावा महापौर श्री यादव ने निर्माण कार्य एवं मोहारा शिवनाथ नदी का निरीक्षण कर जल स्तर देखा। उन्होंने वार्ड में पेयजल के लिए वार्डवासियो से चर्चा कर कहा कि हल्दी मे पाईप लाईन विस्तार के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है, स्वीकृति पश्चात पाईप लाईन विस्तार किया जायेगा, जिससे हल्दी के सभी क्षेत्रों में पर्याप्त पानी सप्लाई होगी। पार्षद श्री चंद्रकृत साहू के प्रयास से सिचाई विभाग के सहयोग से नदी में सील्ट व मिट्टी तथा गंदगी सफाई कार्य कराया जा रहा है। जिसका निरीक्षण कर महापौर ने पार्षद की पहल की सराहना की तथा स्वास्थ्य अधिकारी को गंदगी व मलमा हटाने निर्देशित किये। निर्माण कार्य निरीक्षण की कडी में हल्दी स्कूल के पास निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाकर जल्द पूर्ण कराने तथा हायर सेकेण्ड्री स्कूल में प्रयोगशाला भवन के शेष कार्य पूर्ण करने व रंग रोगन कराने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किए। इसी प्रकार पीएमश्री प्राथमिक शाला का जायजा लेकर शासन से मिलने वाली सुविधाओ के संबंध में चर्चा किए तथा नये अतिरिक्त कक्ष एवं बालिका शौचालय का निरीक्षण कर कहा कि इसका जल्द लोकार्पण कराया जायेगा। हल्दी उद्यान में सुविधा विस्तार की मांग पर महापौर श्री यादव ने कहा कि शासन को उद्यानों के जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव भेजा गया है, जिसकी स्वीकृति अतिशीघ्र मिलेगी।



## विद्युत कंपनी स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के तहत सभी वितरण केन्द्रों में चला रहा है जनजागरुकता अभियान

**अर्जुनी( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा सभी वितरण केन्द्रों में आमजनों को स्मार्ट मीटर की विविध सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सभी विद्युत उपभोक्ताओं को आधुनिक बिजली सेवाओं के लिए प्रेरित करते हुए स्मार्ट मीटर के माध्यम से पारदर्शिता और दक्षता को प्रोत्साहित कर उन्हें अपने मोबाइल के माध्यम से स्मार्ट मीटर में दर्ज खपत को देखने और उनके अनुसार ऊर्जा की बचत करने के तरीके की जानकारी दी जा रही है। ग्राम अर्जुनी के विद्युत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में फिल्ड अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, सटीक बिलिंग, रियल-टाइम खपत निगरानी एवं ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उपभोक्ताओं की जिज्ञासाओं का समाधान कर उन्हें बिजली के कुशल उपयोग हेतु प्रेरित किया गया ।गौरतलब है कि भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में 9 फरवरी से 23 फरवरी 2026 तक देषभर में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीडीएस) के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर और पारदर्शी विद्युत सेवाएँ के साथ-साथ वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति को मजबूती प्रदान करना है।



## धर्म समाचार....

## प्रदोष व्रत पर करें हनुमान बीसा का चमत्कारिक पाठ, शनि देव खुद बदल देंगे आपका भाग्य

वैदिक पंचांग के अनुसार, शनिवार 14 फरवरी को प्रदोष व्रत है। शनिवार के दिन पड़ने के चलते यह शनि प्रदोष व्रत कहलाएगा। प्रदोष व्रत के दिन देवों के देव महादेव और मां पार्वती की पूजा की जाती है। साथ ही विशेष कामों में सफलता के लिए व्रत रखा जाता है। प्रदोष व्रत का फल दिन अनुसार मिलता है। शनि प्रदोष करने से सुख, सौभाग्य और वंश में वृद्धि होती है। साथ ही शनि की बाधा दूर हो जाती है। ज्योतिष शनि बाधा दूर करने के लिए हनुमान जी की पूजा करने की सलाह देते हैं। अगर आप भी शनि देव की कुदृष्टि से बचना चाहते हैं, तो शनि प्रदोष व्रत पर विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा करें। वहीं, पूजा के समय हनुमान बीसा का पाठ करें।

**दोहा**

राम भक्त विनती करूँ,सुन लो मेरी बात ।
दया करो कुछ मेहर उपाओ, सिर पर रखो हाथ ।।




**।। चौपाई ।।**

जय हनुमन्त, जय तेरा बीसा, कालनेमि को जैसे खींचा ।।
करुणा पर दो कान हमारो, शत्रु हमारे तत्क्षण मारो ।।
राम भक्त जय जय हनुमन्ता, लंका को थे किये विध्वंसा ।।
सीता खोज खबर तुम लाए, अजर अमर के आशीष पाए ।।
लक्ष्मण प्राण विधाता हो तुम, राम के अतिशय पासा हो तुम ।।
जिस पर होते तुम अनुकूला, वह रहता पतझड़ में फूला ।।
राम भक्त तुम मेरी आशा, तुम्हें ध्याऊँ मैं दिन राता ।।
आकर मेरे काज संवारो, शत्रु हमारे तत्क्षण मारो ।।
तुम्हरी दया से हम चलते हैं, लोग न जाने क्यों जलते हैं ।।
भक्त जनों के संकट टारे, राम द्वार के हो रखवारे ।।
मेरे संकट दूर हटा दो, द्विविधा मेरी तुरन्त मिटा दो ।।
रुद्रावतार हो मेरे स्वामी, तुम्हरे जैसा कोई नाहीं ।।
? हनु हनु हनुमंत का बीसा, बैरिहु मारु जगत के ईशा ।।
तुम्हरो नाम जहाँ पढ़ जावे, बैरि व्याधि न नेरे आवे ।।
तुम्हरा नाम जगत सुखदाता, खुल जाता है राम दरवाजा ।।
संकट मोचन प्रभु हमारो, भूत प्रेत पिशाच को मारो ।।
अंजनी पुत्र नाम हनुमन्ता, सर्व जगत बजता है डंका ।।
सर्व व्याधि नष्ट जो जावे, हनुमद् बीसा जो कह पावे ।।
संकट एक न रहता उसको, हं हं हनुमंत कहता नर जो ।।
ह्रीं हनुमंते नमः जो कहता, उससे तो दुख दूर ही रहता ।।

**।। दोहा ।।**

मेरे राम भक्त हनुमन्ता, कर दो बेड़ा पार ।
हूँ दीन मलीन कुलीन बड़ा, कर लो मुझे स्वीकार ।।
राम लषन सीता सहित, करो मेरा कल्याण ।
ताप हरो तुम मेरे स्वामी, बना रहे सम्मान ।।
प्रभु राम जी माता जानकी जी, सदा हों सहाई ।
संकट पड़ा यशपाल पे, तभी आवाज लगाई ।।

### कब रखा जाएगा शीतला सप्तमी का व्रत एक क्लिक में पता करें सही तिथि और शुभ मुहूर्त

चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि देवी मां शीतला को समर्पित है। इससे एक दिन पहले शीतला सप्तमी मनाई जाती है। आसान शब्दों में कहें तो चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि के एक दिन बाद शीतला सप्तमी मनाई जाती है। इस शुभ अवसर पर जगत की देवी मां शीतला की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। धार्मिक मत है कि देवी मां शीतला की पूजा करने से आरोग्य जीवन का वरदान मिलता है। साथ ही सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलती है। यह पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। आइए, शीतला सप्तमी और अष्टमी की सही तिथि एवं शुभ मुहूर्त जानते हैं-

**शीतला सप्तमी शुभ मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि की शुरुआत 09 मार्च को देर रात 11 बजकर 27 मिनट पर शुरू होगी और 11 मार्च को देर रात 01 बजकर 54 मिनट पर समाप्त होगी। इस प्रकार यानी उदया तिथि से 10 मार्च को शीतला सप्तमी मनाई जाएगी। शीतला सप्तमी पर पूजा के लिए शुभ समय 10 मार्च को सुबह 06 बजकर 24 मिनट से लेकर शाम 06 बजकर 26 मिनट तक है। इस दौरान साधक देवी मां शीतला की पूजा कर सकते हैं। वहीं, बुधवार 11 मार्च को बसोड़ा मनाया जाएगा।

**शीतला सप्तमी शुभ योग**

ज्योतिषियों की मानें तो चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि पर कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इस दिन हर्षण योग का संयोग सुबह 08 बजकर 21 मिनट तक है। इसके साथ ही रवि योग का भी संयोग है। इन योग में मां शीतला की पूजा करने से शुभ कामों में सफलता एवं सिद्धि मिलेगी। साथ ही आरोग्यता का वरदान मिलेगा।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स
खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...
क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बैट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...
स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# जटाशंकर मंदिर देव स्थल में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि महोत्सव

## शिवधाम पर्वत में दो एकड़ चट्टानों के बीच विराजमान है शीवलिंग, शिवधाम बना आस्था का केंद्र



**डोंगरगढ (नांदगांव टाइम्स)।** नगरीय निकाय क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 राम नगर में स्थित गज़मरा रोड बॉस डिपो के पास शिवधाम पर्वत के नाम से प्रसिद्ध श्री जटाशंकर मंदिर देव स्थल इन दिनों श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर यहां भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। दो एकड़ से ज्यादा चट्टानों के बीच छोटे झाड़ के जंगल और प्राकृतिक वातावरण के बीच स्थित यह देव स्थल वर्षों से भक्तों की आस्था का प्रतीक रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए हुए श्री जटाशंकर ट्रस्ट समिति के कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र सिंह ठाकुर ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि बीते वर्ष के भांति इस वर्ष भी 15 फरवरी दिन रविवार को शिवधाम पर्वत मे महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन किया जा रहा है , महाकाल के भक्तों के मन्नत पूरी होने से इस स्थान की धार्मिक महत्ता को और अधिक बढ़ा दिया है। ऊंची पहाड़ी पर विराजित शिव मंदिर दूर से ही भक्तों को आकर्षित करती है। श्रद्धालुओं के लिए जनसहयोग से सीढ़ियों का निर्माण किया गया महज 20 मिनट का रास्ता तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से वे भगवान शिव के समीप पहुंचकर दर्शन कर सकते हैं।यह के शिवलिंग की अद्भुत मान्यता के बारे में मंदिर के पंडित विकास चौधरी ने बताया कि छोटे झाड़ के जंगल में स्थित एक कोने में भगवान शिव स्वयंभू रूप में प्रगट है । स्थानीय जनश्रुति के अनुसार आसपास के कई पेड़ समय के साथ नष्ट हो गए, किंतु यह फिर भी सदस्यों के जागरूकता के चलते पेड़ आज भी हरा-भरा और सुरक्षित है।हजारों के तादाद में पारिजात पौधा है जिसे भक्तजन भगवान की दिव्य उपस्थिति का प्रतीक मानते हैं।यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं और अपनी मनोकामनाओं के पूर्ण होने की कामना करते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि बाबा महाकाल अपने भक्तों को कभी निराश नहीं करते और सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है। ट्रस्ट के सचिव भागवत नामदेव ने बताया कि दिन में

महाशिवरात्रि पर्व के बाद इसी दिन रात में विशेष पूजा-अर्चना किया जाता है जो रात 9 समाप्त हो जाती है 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, भजन-कीर्तन भी किया जाता है सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है श्री जटाशंकर मंदिर ट्रस्ट समिति के फाउंडर मेंबर श्रीमती सुषमा कोठारी ने बताया कि महाकाल के भक्तों के सहयोग से भोजन प्रसाद वितरण भी किया जाता है और जो माता बहन उपहवास रहते है उनके लिए अलग से व्यवस्था किया जाता है भक्तों की सुविधा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।श्रद्धालु दिनभर भगवान शिव का गुणगान करते सीढ़ियों से चढ़ते जाते है और। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सजावट और फूलों से



सजाया जाएगा।पहाड़ी पाठ देव स्थल केवल महाशिवरात्रि ही नहीं, बल्कि नवरात्रि पर्व पर भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहता है। शारदीय और चैत्र नवरात्रि के दौरान नौ दिनों तक यहां भक्त माता भक्ति में लीन रहते हैं। जिससे यह स्थल एक समग्र धार्मिक धाम का स्वरूप ले चुका है। छोटे झाड़ के जंगल, शांत वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच स्थित यह मंदिर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा प्रदान करता है। समिति के पदाधिकारीशिवधाम पर्वत उत्थान में पदाधिकारियों के अलावा शिव भक्तों का सहयोग रहता है 15 फरवरी दिन रविवार को श्री जटाशंकर मंदिर शिवधाम पर्वत में क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# सुन्दरा में रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता कल

## प्रथम वर्ष आयोजन, विजेता टीम को मिलेगा 11 हजार रुपये का पुरस्कार

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर से लगे ग्राम सुन्दरा में खेल प्रेमियों के लिए उत्साहजनक खबर है। ग्राम में प्रथम वर्ष रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 13 फरवरी से किया जा रहा है। प्रतियोगिता को लेकर युवाओं एवं ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। ग्राम सरपंच हिपेंद्र साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता रात्रि के समय आयोजित की जाएगी, जिससे आसपास के गांवों की टीमें भी अधिक संख्या में भाग ले सकें। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 11,000 रुपये का प्रथम पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 7,000 रुपये, तृतीय पुरस्कार 5,000 रुपये तथा चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 3,000 रुपये की नगद राशि से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। मैदान की व्यवस्था, प्रकाश की सुविधा एवं दर्शकों के बैठने की समुचित व्यवस्था की जा रही है। आयोजकों ने क्षेत्र की सभी क्रिकेट टीमों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाने की अपील की है। ग्राम सुन्दरा में पहली बार आयोजित हो रही इस रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह एवं उमंग का माहौल बना हुआ है।



# बी.एससी. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों का छिंदारी वेटलैंड शैक्षणिक भ्रमण

**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय, खैरागढ़ के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा बी.एससी.



तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ. पी. गुप्ता के मार्गदर्शन में तथा सहायक प्राध्यापक सुश्री भाबीता मंडावी के नेतृत्व में छिंदारी वेटलैंड में संपन्न हुआ। इस शैक्षणिक यात्रा में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को वेटलैंड की जैव विविधता, जलीय एवं अर्ध-जलीय वनस्पतियों, पक्षियों के प्राकृतिक आवास तथा पर्यावरण संतुलन में आर्द्रभूमियों की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को वेटलैंड संरक्षण, जल संरक्षण तथा जैव विविधता संरक्षण के महत्व से भी अवगत कराया गया। इस भ्रमण से विद्यार्थियों में व्यावहारिक ज्ञान, पर्यावरणीय जागरूकता तथा संरक्षण की भावना विकसित हुई।

# जर्जर आंगनबाड़ी भवन बच्चों के भविष्य के लिए खतरा, कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 अंतर्गत सतनाम भवन के बगल में स्थित आंगनबाड़ी भवन की जर्जर स्थिति को लेकर पार्षद के. विनायक राव द्वारा जिला कलेक्टर, राजनांदगांव को ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में बताया गया कि उक्त आंगनबाड़ी भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में है। भवन की छत दरक चुकी है, दीवारें कमजोर हो गई हैं और किसी भी समय गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इस भवन में प्रतिदिन छोटे-छोटे बच्चों का आना-जाना होता है, जिससे उनकी सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। पार्षद के. विनायक राव ने ज्ञापन के माध्यम से बच्चों के भविष्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल भवन का निरीक्षण कर जर्जर आंगनबाड़ी भवन को गिराकर नवीन, सुरक्षित एवं सुविधायुक्त आंगनबाड़ी भवन के निर्माण की मांग की है। उन्होंने कहा कि हाल ही में देश के अन्य हिस्सों में आंगनबाड़ी भवन से जुड़ी दुर्घटनाओं ने सभी को चिंतित किया है, ऐसे में डोंगरगढ़ में किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो, इसके लिए समय रहते ठोस कदम उठाना अत्यंत आवश्यक है।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

अन्नपूर्णा ट्रेडर्स
• हार्डवेयर • सेनेटरी
• टाईल्स • पेन्टस
MEENA / OMPRAKASH SAHU

# महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस सख्त, कानून व्यवस्था व यातायात सुधार पर फोकस

## एसपी अंकिता शर्मा ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक, लंबित मामलों के जल्द निराकरण के निर्देश

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स) ।** जिले की कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने बुधवार सुबह पुलिस अधीक्षक कार्यालय में डीएसपी, थाना व चौकी प्रभारियों की व्यापक समीक्षा बैठक ली। बैठक में महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और प्रशासनिक अनुशासन पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के दौरान मंदिरों, मेलास्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने, ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रखने और शांति बनाए रखने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि पर्व के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थाना स्तर की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए एसपी ने सभी अनिवार्य रजिस्टरों के अद्यतन संधारण, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण और रिकॉर्ड व्यवस्था सुधारने पर सख्त निर्देश दिए। आदतन अपराधियों पर निगरानी बढ़ाने, लंबित समन-वारंट की तामिली



तेज करने और गंभीर अपराधों के जल्द खुलासे पर जोर दिया गया।

**शिकायतों के समयबद्ध निपटारे पर बल**

वर्ष 2024 से 2026 तक की लंबित शिकायतों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को समयसीमा तय कर निराकरण करने के निर्देश दिए गए। एफआईआर पंजीयन, डायरी लेखन और अभिलेखों के रख-रखाव में लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

**थाना परिसर की स्वच्छता और व्यवस्था पर भी ध्यान**

थाना भवन, मालखाना और अभिलेख कक्ष की स्थिति सुधारने तथा स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश जारी किए गए।

**यातायात और परीक्षा सीजन पर विशेष नजर**

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ सख्त अभियान चलाने तथा बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए डीजे व शादी भवनों में ध्वनि नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

**पुलिस बल के लिए प्रशिक्षण योजना**

बैठक में पुलिस अधिकारियों के लिए साइबर अपराध से निपटने की तकनीकी ट्रेनिंग, नैटग्रिड सिस्टम उपयोग, सॉफ्ट स्किल, तनाव प्रबंधन और व्यक्तित्व विकास जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने की रूपरेखा भी तय की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, अलेक्जेंडर किरो, उप पुलिस अधीक्षक मंजुलता बाज़, केशरी नंदन नायक सहित जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारी मौजूद रहे।


# कोसरिया मरार पटेल समाज का सामूहिक आदर्श विवाह में 90 जोड़ो का विवाह संपन्न

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कोसरिया मरार पटेल समाज राजनांदगांव अंबागढ़ चौकी द्वारा ग्राम बिहारीलाल में आदर्श सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। इस आदर्श सामूहिक विवाह में भारतीय परंपरा एवं संस्कृति के अनुसार सामूहिक आदर्श विवाह के तहत परिणाम सूत्र में बंधे। समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया। स्नेह सम्मेलन के माध्यम से समाज में संगठन, भाईचारा एवं एकता को प्रगाढ़ किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि के सानिध्य में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। सामूहिक आदर्श विवाह समाज के द्वारा संचालित किया जा रहा है तब से सम्माननीय जी के द्वारा विशेष योगदान मिलता रहा है सहयोग मिलता रहा हैं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विशेष अतिथि एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि विशेषर पटेल तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री दिनेश गांधी जी के द्वारा किया तथा इस कार्यक्रम में श्री गांधी ने उद्बोधन में सभी जोड़ो को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया तथा उन्हेंने इस आदर्श सामूहिक विवाह के लिए पटेल समाज को बहुत बहुत बधाई और धन्यवाद दिया तथा उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना सशक्त समाज की कल्पना नहीं की जा सकती इसलिए आप अपने बेटे बेटियों को खूब पढ़ाए, इस लायक बनाएं की आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सफल हो सके।



# जोरातराई - मनगटा जंगल के पहाड़ी पाठ देव स्थल में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि महोत्सव

## मुड्डी पेड़ के नीचे स्वयंभू प्रकट हुए भगवान शिव, 21 फीट की भव्य प्रतिमा बनी आस्था का केंद्र



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर ग्राम जोरातराई के मनगटा जंगल में स्थित पहाड़ी पाठ देव स्थल इन दिनों श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर यहां भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। घने जंगल और प्राकृतिक वातावरण के बीच स्थित यह देव स्थल वर्षों से भक्तों की आस्था का प्रतीक रहा है।

बीते वर्ष यहां 21 फीट ऊंची भगवान शिव की भव्य प्रतिमा की स्थापना की गई, जिसने इस स्थान की धार्मिक महत्ता को और अधिक बढ़ा दिया है। ऊंची पहाड़ी पर विराजित शिव प्रतिमा दूर से ही भक्तों को आकर्षित करती है। श्रद्धालुओं के लिए गुफा मार्ग से विशेष रास्ता तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से वे भगवान शिव के समीप पहुंचकर दर्शन कर सकते हैं।

**स्वयंभू शिवलिंग की अद्भुत मान्यता**

मंदिर के पुजारी पुष्पेन्द्र शर्मा ने बताया कि मनगटा जंगल में स्थित एक प्राचीन मुड्डी पेड़ के नीचे भगवान शिव स्वयंभू रूप में प्रकट हुए थे। स्थानीय जनश्रुति के अनुसार आसपास के कई पेड़ समय के साथ नष्ट हो गए, किंतु यह मुड्डी पेड़ आज भी हरा-भरा और सुरक्षित है। भक्तजन इसे भगवान की दिव्य उपस्थिति का प्रतीक मानते हैं।

यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं और अपनी मनोकामनाओं के पूर्ण होने की कामना करते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि बाबा महाकाल अपने भक्तों को कभी निराश नहीं करते और सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है।

**महाशिवरात्रि पर विशेष पूजा-अर्चना**

15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, भजन-कीर्तन एवं रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। समिति द्वारा जलाभिषेक, प्रसाद वितरण और भक्तों की सुविधा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

श्रद्धालु रातभर भगवान शिव का गुणगान करेंगे और चार प्रहर की पूजा संपन्न होगी। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सजावट और फूलों से सजाया जाएगा।

**नवरात्रि में भी रहता है विशेष आकर्षण**

पहाड़ी पाठ देव स्थल केवल महाशिवरात्रि ही नहीं, बल्कि नवरात्रि पर्व पर भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहता है। शारदीय और चैत्र नवरात्रि के दौरान नौ दिनों तक यहां भक्त माता भक्ति में लीन रहते हैं।



मंदिर प्रांगण में हिंदू धर्म संस्कृति के विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित हैं, जिससे यह स्थल एक समग्र धार्मिक धाम का स्वरूप ले चुका है।

घने जंगल, शांत वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच स्थित यह मंदिर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा प्रदान करता है।

**समिति के पदाधिकारी**

पहाड़ी पाठ देव स्थल उत्थान समिति के पुजारी संतोष कुमार शर्मा हैं। समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत जोरातराई संतोष कुमार साहू हैं। अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष नरसिंह साहू, सचिव सुदामा लाल साहू, कोषाध्यक्ष रामलाल साहू, सहसचिव पुरुषोत्तम कुमार साहू, संरक्षक सुरेंद्र शर्मा, शिवलाल चक्रधारी, डॉ. जी.एस. राजपूत सहित अन्य सदस्य शामिल हैं।समिति ने क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com